# सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

कक्षा:-6 विषय: हिंदी पाठ्यपुस्तक पाठ:8 चंद्रशेखर वेंकट रामन

## मौखिक प्रश्न उत्तर

प्र०१) वेंकट रामन को नोबेल पुरस्कार कब मिला था?

उ०) वेंकट रामन को सन् 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला था।

प्र०२) वेंकट रामन का जन्म किस राज्य में हुआ था?

उ०) वेंकट रामन का जन्म तमिलनाडु राज्य में हुआ था।

प्र०३) वेंकट रामन के माता-पिता का नाम बताओ?

उ०) वेंकट रामन की माता का नाम पार्वती अम्माल तथा पिताजी का नाम चंद्रशेखर अय्यर था।

प्र०४) जब वेंकट रामन के पिता की मृत्यु हुई तब वे कहाँ पर कार्यरत थे ?

उ०) जब वेंकट रामन के पिता की मृत्यु हुई तब वे बर्मा (म्यांमार) में कार्यरत थे।

प्र०५) वेंकट रामन ने पहली विदेश यात्रा कब की थी?

उ०) वेंकट रामन ने पहली विदेश यात्रा सन् 1917 में की थी।

प्र०६) वेंकट रामन ने जिस संस्थान की स्थापना की थी उसका नाम क्या था?

उ०) वेंकट रामन ने ‘रमन शोध संस्थान’ की स्थापना की थी।

## लिखित प्रश्न उत्तर

**प्र०१) चंद्रशेखर वेंकट रामन का जन्म कहाँ और कब हुआ था?**

**उ०) चंद्रशेखर वेंकट रामन का जन्म तमिलनाडु राज्य के तिरुचिरापल्ली शहर के समीप एक गाँव में 7 नवंबर, 1888 को हुआ था।**

**प्र०२) एम.ए. की पढ़ाई वेंकट रामन ने किस कॉलेज से की थी?**

**उ०) एम.ए. की पढ़ाई वेंकट रामन ने प्रेसीडेंसी कॉलेज से की थी।**

**प्र०३) वेंकट रामन के भाई किस विभाग में काम करते थे?**

**उ०) वेंकट रामन के भाई 'भारतीय लेखा सेवा' विभाग में काम करते थे।**

**प्र०४) कोलकाता में वेंकट रामन की दिनचर्या क्या थी?**

**उ०) कोलकाता में  वेंकट रामन दिन भर दफ़्तर में और सुबह-शाम प्रयोगशाला में काम करते रहते थे। यही वेंकट रामन की दिनचर्या हो गई थी।**

**प्र०५) पहली विदेश यात्रा के समय वेंकट रामन के जीवन की कौन-सी महत्वपूर्ण घटना घटी थी?**

**उ०) लंदन जाने के लिए  वेंकट रामन समुद्री जहाज़ पर सवार हुए। यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी इस यात्रा में उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना घटी। उन्होंने भूमध्य सागर के गहरे नीले पानी को देखा। इस नीले पानी को देखकर उनके मन में एक प्रश्न उभरा कि क्या यह नीला रंग पानी का है या नीले आकाश की परछाई के कारण समुद्र नीला दिखाता है। बाद में रामन ने अपने शोधों के माध्यम से यह निष्कर्ष निकला कि यह नीला रंग न पानी का है न ही आकाश का यह नीला रंग तो पानी तथा हवा के कणों द्‌वारा प्रकाश के प्रकीर्णन से उत्पन्न होता है।**

**प्र०६) सूर्य के प्रकाश के बारे में वेंकट रामन ने क्या समझाया था?**

**उ०) सूर्य के प्रकाश के बारे में वेंकट रमन ने समझाया था कि सूर्य का प्रकाश जिन सात रंगों - बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला ,नारंगी और लाल से बना है, उनमें से नीले रंग को छोड़कर बाकी सभी रंग प्रकीर्णन के कारण अवशोषित होकर ऊर्जा में परिवर्तित हो जाते हैं परंतु नीला प्रकाश वापस परावर्तित हो जाता है।**

**प्र०७) वेंकट रामन को मिले कुछ प्रमुख पुरस्कारों के नाम लिखिए।**

**उ०) वेंकट रामन को 'नोबेल पुरस्कार', 'भारत रत्न', 'लेनिन शांति पुरस्कार' आदि के साथ देश-विदेश में अनेक सम्मान मिले।**

**<u>मूल्यपरक प्रश्न- उत्तर</u>**

**प्र०१) 'वेंकट रामन अपने कार्यालय से घर तक आना-जाना साइकिल से किया करते थे।' इससे उनके व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है?**

**उ०) इससे पता चलता है कि उनका व्यक्तित्व सादगी भरा था। उनके अंदर धन एवं पद का घमंड नहीं था।**

**प्र०२) वेंकट रामन की पत्नी में किन-किन मानवीय गुणों की झलक मिलती है?**

**उ०) वेंकट रामन की पत्नी त्रिलोकसुंदरी एक सरल और समझदार महिला थीं ।उन्होंने वेंकट रामन का विज्ञान के प्रति समर्पण देखा तो उनकी भरपूर मदद की वह एक कुशल ग्रहणी भी थीं।**